# SANGAM FINSERV LIMITED

(Formerly known as Suchitra Finance & Trading Co. Ltd.)
CIN: L65910RJ1981PLC079945
REGD. OFF: B-10, Second Floor S.K. Plaza, Pur Road Bhilwara - 311001 Rajasthan
Tel. No.: 01482-796146; Email id: Suchitra@sangamgroup.com; Web: www.sftc.co.in

**Date: 14th August, 2024**

To,
The Secretary,
**The Calcutta Stock Exchange Ltd.**
07, Lyons Range,
Kolkata - 700001
**Scrip Code: 29400**

To,
The Listing Department,
**BSE Limited,**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai- 400001
**Scrip Code: 538714**

**Sub: Submission of Clipping of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2024**

**Dear Sir/Madam,**

With reference to Regulation 47 of SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015 ('Listing Regulation"), we are enclosing herewith Newspaper Cuttings of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2024 published in the following Newspaper:

1. **Indian Express ( i.e. English Newspaper) dated 14th August, 2024**
2. **Nafa Nuksan (i.e. Hindi Newspaper) dated 14th August, 2024**

Kindly take the same on record.

Thanking You.

Yours Faithfully

**For Sangam Finserv Limited**

SANGAM FINSERV LIMITED

**Pushpendra Singh**
**Company Secretary**
**Mem.No.: A51609**

Encl: As above

# एफएमसीजी, व्हाईट गुड्स कम्पनियों को फेस्टिव सीजन में 40% ग्रोथ की उम्मीद

▪ **इंटेलीजेंस एआई टेक्नोलॉजी और न्यू प्रोडक्ट लाइपअप के साथ ग्रोथ आने की सम्भावना है**

**मुंबई @पीटीआई**

इस बार फेस्टिव सीजन के दौरान व्हाईट गुड्ज और फास्ट मूविंग कन्ज्युमर गुड्ज कम्पनियां (एफएमसीजी) 40 फीसदी वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। एच वन में मैन्यूफैक्चसर्स ने म्यूटेड ग्रोथ विटनैस की थी। इसका कारण देश में जनरल इलेक्शन और तेजी गर्मी को माना जा रहा है। एच टू में बेहतर रिकवरी की उम्मीद है। इंटेलीजेंस एआई टेक्नोलॉजी और न्यू प्रोडक्ट लाइपअप के साथ ग्रोथ आने की सम्भावना है।

गोदरेज एप्लायंसेज के बिजनस हैड और ईवीपी ने कहा है कि केरल में ओनम फेस्टीवल के साथ देश के दिवाली सीजन की शुरूआत मानी जाती है। केरल के कन्ज्यूमर्स के लिये 'ओनम महाराजा' ऑफर पेश किया जा चुका है।

ऑफर के तहत एक्सटेंडेड वारंटी, कैशबैक से लेकर इजी ईएमआई, 95,000 रुपये तक के लकी गिफ्ट देने की योजना है। आने वाले दो-तीन माह में ऑफर्स का मोमेंटम ऐसे ही बना रहने वाला है। ऐसे में वे गत वर्ष के मुकाबले में चालीस प्रतिशत ग्रोथ लेने की उम्मीद कर रहे हैं।

कम्पनियां कन्ज्यूमर्स के लिये यूनिक एक्सपीरियंस देने का प्रयास करने वाली हैं। जैसे कि शॉपिंग के दौरान पर्सनेलाइज्ड एक्सपीरियंस के लिये ऑग्मेंटेड रियेलिटी(एआर)। हर्शे इन्डिया के एक अधिकारी ने कहा है कि भारतीय ग्राहकों के लिये चॉकलेट्स प्रीफर्ड गिफ्ट चॉइस होती है। चॉकलेट्स का योगदान फेस्टिव गिफ्टिंग में करीब दस प्रतिशत रहता है। प्रीमियम चॉकलेट गिफ्टिंग सेगमेंट यह हिस्सेदारी है। उनके अनुसार रक्षाबंधन के साथ उपहारों का सीजन शुरू होता है। हर्शे किसेज, हर्शे एक्जॉटिक डार्क आदि पेश की गई हैं। सीजन के दौरान नये ऑप्शंस आते रहेंगे। कम्पनियां फैस्टिव सीजन के दौरान डिस्काउंट्स पर पूरा फोकस रहेगा। स्मार्ट टीवी सेल्स बढ़ने की सम्भावना है। एसपीपीएल जो कि देश में थॉमसन का एक्सक्लूसिव ब्राण्ड लाइसेंसी है के सीईओ ने कहा है कि कॉम्बो ऑफर, आकर्षक डिस्काउंट, बैंक डिस्काउंट ऑफर रहने वाले हैं।



## Flavour Of Season रह सकती है क्विक कॉमर्स

**नई दिल्ली@एजेंसी।** क्विक कॉमर्स रक्षाबंधन से शुरू हो रहे फेस्टीवल सीजन में ट्रेडीशनल ई-कॉमर्स से बाजी मार सकती है। टीमलीज रिपोर्ट के अनुसार सेल्स में ई-कॉमर्स इंडस्ट्री 35 प्रतिशत बढ़त ले सकती है। डिमांड की देखते हुए ई-कॉमर्स फर्म्स एडीशनल पर्सनेल हायरिंग कर सकती है। ऑन टाइम डिलीवरी करने के लिये हायरिंग प्लान की गई है। ऑनलाइन शॉपिंग में जिस प्रकार से कन्ज्यूमर्स का रुझान देखा जा रहा है, उसके लिये तैयारी की जा रही है। अक्टूबर माह में फ्लिपकार्ट के फ्लैगशिप इवेंट बिग बिलियन डेज 2024 के पूर्व क्विक कॉमर्स सेगमेंट 'मिनट्स' के लांच के साथ गर्मा गया है। प्रमुख शहरों में 100 डार्क स्टोर्स ओपन करने की योजना है। ब्लिंकइट ने वर्ष 2026 के अंत तक 2000 डार्क स्टोर्स लांच करने की योजना बनाई है। वर्तमान में यह संख्या 639 है। वित्तीय वर्ष 2025 में 113 डार्क स्टोर्स लांच किये गये हैं।

जून माह में जेप्टो ने मार्च, 2025 तक 700 डार्क स्टोर्स तक पहुंचने की घोषणा की थी। वर्तमान में यह संख्या 350 है। फास्ट डिलीवरी के लिये डिलीवरी पार्टनर्स और लॉजिस्टिक यूनीकॉर्न जैसे शिपरॉकिट, ईकॉम एक्सप्रेस और एक्सप्रेसबीज इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ा रही है। मसलन शिपरॉकिट ने दिल्ली-एनसीआर, बैंगलुरु, मुम्बई, चेन्नई, केरल, हैदराबाद और पुणे में शिपरॉकिट क्विक लांच किया है। शिपरॉकिट के सीईओ ने कहा है कि कम्पनी हाइपरलोकल लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म जैसे पोर्टर, ओला, रेपिडो, शैडोफैक्स आदि से सहयोग किया है ताकि डिलीवरी फास्ट हो पाये।

लॉजिस्टिक्स यूनीकॉर्न ईकॉम एक्सप्रेस ने फरवरी माह में देश के दस प्रमुख शहरों में सेम डे या नेक्स्ट डे डिलीवरी सर्विस शुरू की थी। एक्सप्रेसबीज के चीफ बिजनस ऑफिसर ने कहा कि चालू वर्ष में क्विक कॉमर्स एक्टीविटी बढ़ी है। गिफ्टिंग प्लेटफॉर्म फर्न एन पैटल्स के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा है कि गत वर्ष में क्विक कॉमर्स पर फोकस बढ़ा है। क्विक कॉमर्स के लिये स्पेसिफिकली स्पेशियल रेंज पेश की जा रही है। लॉजिस्टिक्स फर्म डेलीवेरी ने शेयर्ड डार्क स्टोर्स के साथ नई सर्विस पेश की है। रैपिड सेम डे डिलीवरी करने के लिये यह स्टेप लिया गया है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि आगामी फेस्टीवल सीजन के लिये कम्पनियां अपने स्तर पर प्रयास शुरू कर चुकी हैं।

# इंडिया में बिकने वाले सभी ब्रांड्स के नमक व चीनी में मिले माइक्रोप्लास्टिक



**नयी दिल्ली@पीटीआई**

भारतीय बाजार में बिकने वाले सभी ब्रांड के नमक और चीनी में प्लास्टिक के सूक्ष्म कण (माइक्रोप्लास्टिक) पाए गए हैं फिर चाहे वे बड़े ब्रांड के हों या छोटे ब्रांड के, पैकेज्ड हों या खुले में बिकते हों। यह दावा मंगलवार को प्रकाशित एक अध्ययन में किया गया है। पर्यावरण अनुसंधान संगठन 'टॉक्सिक्स लिंक' ने 'नमक और चीनी में माइक्रोप्लास्टिक्स' शीर्षक से यह अध्ययन किया। संगठन ने इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए टेबल नमक, सेंधा नमक, समुद्री नमक और स्थानीय कच्चा नमक सहित 10 प्रकार के नमक पर अध्ययन किया। साथ ही ऑनलाइन और स्थानीय बाजारों से खरीदी गई पांच प्रकार की चीनी की भी जांच की।

अध्ययन के दौरान नमक और चीनी के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी का पता चला, जो फाइबर, छर्रे, फिल्म और टुकड़ों सहित विभिन्न रूपों में मौजूद थे। इन माइक्रोप्लास्टिक का आकार 0.1 मिलीमीटर (मिमी) से लेकर पांच मिमी तक था। अनुसंधान पत्र के मुताबिक आयोडीन युक्त नमक में बहुरंगी पतले रेशों और फिल्मों के रूप में माइक्रोप्लास्टिक्स की उच्चतम मात्रा पाई गई। 'टॉक्सिक्स लिंक' के संस्थापक-निदेशक रवि अग्रवाल ने कहा कि हमारे अध्ययन का उद्देश्य माइक्रोप्लास्टिक्स पर मौजूदा वैज्ञानिक डेटाबेस में योगदान देना था ताकि वैश्विक प्लास्टिक संधि इस मुद्दे का ठोस और केंद्रित तरीके से समाधान कर सके।

'टॉक्सिक्स लिंक' के एसोसिएट निदेशक सतीश सिन्हा ने कहा कि हमारे अध्ययन में नमक और चीनी के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की अच्छी खासी मात्रा का पाया जाना चिंताजनक है। मानव स्वास्थ्य पर माइक्रोप्लास्टिक के दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में तत्काल और व्यापक अनुसंधान की जरूरत है। अनुसंधान पत्र के अनुसार नमक के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता प्रति किलोग्राम नमक में 6.71 से 89.15 टुकड़े तक थी। अध्ययन के अनुसार, आयोडीन युक्त नमक में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता सबसे अधिक (89.15 टुकड़े प्रति किलोग्राम) थी, जबकि जैविक सेंधा नमक में सबसे कम (6.70 टुकड़े प्रति किलोग्राम) थी।

अध्ययन के मुताबिक चीनी के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता 11.85 से 68.25 टुकड़े प्रति किलोग्राम तक पाई गई जिसमें सबसे अधिक सांद्रता गैर-कार्बनिक चीनी में पाई गई। माइक्रोप्लास्टिक एक बढ़ती हुई वैश्विक चिंता है क्योंकि वे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये छोटे प्लास्टिक कण भोजन, पानी और हवा के माध्यम से मानव शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। हाल के अनुसंधान में मानव अंगों जैसे फेफड़े, हृदय और यहां तक कि मां के दूध और अजन्मे शिशुओं में भी माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है। पूर्व में किए गए अनुसंधानों के मुताबिक औसत भारतीय प्रतिदिन 10.98 ग्राम नमक और लगभग 10 चम्मच चीनी का उपभोग करता है , जो विश्व स्वास्थ्य संगठन की अनुशंसित सीमा से बहुत अधिक है।

# ट्राई का अनचाही कॉल करने वाली नॉन-रजिस्टर्ड फर्मों का कनेक्शन काटने का निर्देश

**नयी दिल्ली@पीटीआई।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को निर्देश दिया कि अनचाही (स्पैम) कॉल करने वाले गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन काटने के साथ उन्हें दो वर्ष तक के लिए काली सूची में डाल दिया जाए। इसके साथ ही भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों को इस निर्देश का तत्काल पालन करने और इस संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में पाक्षिक आधार पर नियमित ब्योरा देने के लिए भी कहा है।

ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस 'निर्णायक कार्रवाई' से बिना पंजीकरण वाले टेलीमार्केटिंग कंपनियों की तरफ से उपभोक्ताओं को की जाने वाली स्पैम कॉल में कमी आने और ग्राहकों को राहत मिलने की उम्मीद है। ट्राई ने बयान में कहा कि स्पैम कॉल करने वाली गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों के सभी दूरसंचार साधनों का कनेक्शन काट देने और दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियमन, 2018 के तहत ऐसी कॉल करने वालों को काली सूची में डालने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिए गए हैं। इस दिशा में ट्राई ने थोक कनेक्शन और दूसरे दूरसंचार साधनों का इस्तेमाल करने वाले सभी गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटर (यूटीएम) से प्रचार के लिए की जाने वाली कॉल पर रोक लगाना सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए अनिवार्य कर दिया है, चाहे ये संदेश पहले से रिकॉर्ड हों या कंप्यूटर-जनित हों।


दूरसंचार नियामक ने कहा कि दूरसंचार साधनों (एसआईपी/पीआरआई/ अन्य दूरसंचार संसाधनों) का उपयोग करने वाले गैर-पंजीकृत प्रेषकों/ गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटिंग कंपनियों से की जाने वाली सभी प्रचारात्मक कॉल तुरंत रोक दी जाएंगी। अगर कोई गैर-पंजीकृत टेलीमार्केटर इस निर्देश का उल्लंघन कर प्रचारात्मक कॉल करने के लिए दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग करते हुए पाया जाता है तो उसके सभी दूरसंचार संसाधनों का कनेक्शन प्राथमिक दूरसंचार सेवा प्रदाता दो साल तक के लिए काट देंगे। इसके अलावा ऐसी गैर-पंजीकृत इकाइयों को दो साल के लिए काली सूची में भी डाल दिया जाएगा। इस दौरान किसी भी दूरसंचार कंपनी की तरफ से उन्हें नए दूरसंचार संसाधन आवंटित नहीं किए जाएंगे। नियामक ने कहा कि यह निर्देश जारी होने के एक महीने के भीतर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को डीएलटी मंच पर स्थानांतरित किया जाएगा और उसके बाद सात दिन के भीतर अनुपालन रिपोर्ट देनी होगी। ट्राई ने सभी दूरसंचार कंपनियों को अपने नवीनतम निर्देश का अनुपालन करने और हर महीने की पहली और 16 तारीख को इस संबंध में की गई कार्रवाई पर नियमित अपडेट देने का भी निर्देश दिया है। नियामक ने स्पैम कॉल पर लगाम लगाने की मंशा से पिछले हफ्ते सभी दूरसंचार कंपनियों के नियामकीय प्रमुखों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में एयरटेल, बीएसएनएल, रिलायंस जियो, टाटा टेलीसर्विसेज लिमिटेड, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड, क्वॉड्रेंट टेलीवेंचर्स लिमिटेड (क्यूटीएल) और वी-कॉन मोबाइल एंड इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने शिरकत की।

# वैलकम होटल राजस्थान में कर रहा है विस्तार

▪ **पुष्कर में एसआरके हॉस्पिटेलिटी प्राइवेट लिमिटेड के साथ वैलकम होटल प्रॉपर्टी को साईन किया गया है**

**जयपुर@का.सं.।** आईटीसी होटल्स अपने विस्तार को लगातार जारी रखे हुए है, इसी क्रम में ब्राण्ड ने पुष्कर में एसआरके हॉस्पिटेलिटी प्रा. लिमिटेड के साथ वैलकम होटल प्रॉपर्टी को साईन किया है। उम्मीद है कि 3 एकड़ में फैली यह प्रॉपर्टी 2026 में लांच हो जाएगी। हवाई, रेल या सड़क मार्ग के जरिए यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। किशनगढ़ एयरपोर्ट से मात्र 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वैलकम होटल पुष्कर में सभी सुविधाओं से युक्त 96 कमरे, पर्याप्त बैंक्वेट सुविधाएं होंगी। साथ ही मेहमानों को स्वादिष्ट व्यंजनों एवं बेवरेजेज का अनुभव प्रदान करने के लिए ऑल-डे डाइनिंग रेस्तरां, लॉबी लाउंज तथा एक स्पेशलटी रेस्टोरेन्ट एवं बार होंगे। रीक्रिएशनल स्पेस की बात करें तो यहां स्विमिंग पूल, फिटनैस सेंटर, स्पा और किड्स क्लब सहित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर आईटीसी होटल्स के चीफ एक्जीक्यूटिव अनिल चड्डा ने कहा कि अपनी स्ट्रैटेजी के चलते वैलकम होटल ब्राण्ड लगातार विकसित हो रहा है। गत महीने ही कर्नाटक के बेलागावी (बेलगाम) में 25वां वैलकम होटल खोला है। अजमेर और जयपुर के नजदीक स्थित पुष्कर राजस्थान के सबसे आकर्षक पर्यटन डेस्टीनेशन में से एक है। ऐसे में वैलकम होटल प्रदेश की विरासत को पर्यटकों के लिए प्रदर्शित करेगा। एसआरके हॉस्पिटेलिटी प्राइवेट लिमिटेड के महेश अडवाणी और अजय मोदी ने कहा कि पुष्कर की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। इस नगर में बढ़ती डिमांड को देखते हुए हमें विश्वास है कि वैलकम होटल पुष्कर पर्यटकों को सबसे बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध कराएगा। अपनी हॉस्पिटेलिटी के लिए विख्यात आईटीसी होटल्स हमें शानदार रिसॉर्ट बनाने में मदद करेंगे। अपनी खूबसूरत वास्तुकला के लिए विख्यात पुष्कर को मंदिरों, तीर्थस्थलों एवं आकर्षक प्राकृतिक नहरों के लिए जाना जाता है।




## SANGAM FINSERV LIMITED

(Formerly known as Suchitra Finance & Trading Co. Ltd.)
Regd.Off : B – 10, 2ND FLOOR, S K PLAZA, PUR ROAD, BHILWARA – 311001, RAJASTHAN
Corporate Office: B/306-309, Dynasty Business Park Opp. Sangam Cinema, A. K. Road, Andheri (e) Mumbai, MH 400059
CIN: L65910RJ1981PLC079945, Tel No.:01482-796146, Email id: suchitra@sangamgroup.com, www.sftc.co.in

Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the quarter ended June 30, 2024

(Rs in Lacs)

| S. No. | Particulars | 3 months ended 30-06-24 Unaudited | 30-06-23 Unaudited | 31-03-24 Audited | Year Ended 31-03-24 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income From Operations | 454.69 | 408.23 | 470.17 | 1,857.82 |
| 2 | Net Profit (before tax, and Exceptional and/or Extraordinary items) | 291.70 | 252.51 | 174.28 | 1,059.61 |
| 3 | Net Profit before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 291.70 | 252.51 | 174.28 | 1,059.61 |
| 4 | Net Profit after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 219.38 | 183.22 | 127.84 | 790.35 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 220.18 | 183.22 | 129.24 | 786.50 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 932.25 | 932.25 | 932.25 | 932.25 |
| 8 | Other Equity | | | | |
| 7 | Earnings Per Share (Before and after extraordinary item) (of Rs. 10/- each) (not annualised) | | | | 11,781 |
| | 1. Basic | 2.35 | 2.02* | 1.37 | 8.48 |
| | 2. Diluted | 2.35 | 2.02* | 1.37 | 8.48 |

Note :1. The above is an extract of the detailed format of quarterly ended Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly Unaudited Financial Results are available on the Stock Exchange websites: www.bseindia.com and also on the website of the Company at www.sftc.co.in.

FOR SANGAM FINSERV LIMITED
Sd/-
Vinod Kumar Sodani
DIRECTOR
DIN: 00403740

Dated : 13-08-2024
Place : Bhilwara


# देश में Green Office का बढ़ रहा है ट्रेंड

▪ **कार्बन एमिशन कम करने में मिलेगी मदद**

**बेंगलुरु@एजेंसी**



देश में ग्रीन ऑफिस की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। कंपनियों ने अप्रैल-जून की अवधि के बीच देश के शीर्ष छह शहरों में 13 मिलियन स्क्वायर फीट ऑफिस स्पेस ग्रीन सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकी बिल्डिंग में लिया है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। कोलियर्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्रीन ऑफिस स्पेस लीज में एन्यूअल लेवल पर 24 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। यह गत तिमाही में लीज पर लिए गए कुल ऑफिस स्पेस में से 82 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि आने वाली ऑफिस स्पेस की आपूर्ति भी ग्रीन सर्टिफाइड होने की उम्मीद है। अगले दो से तीन वर्षों में ग्रीन ऑफिस स्पेस स्टॉक बढ़कर 600 मिलियन स्क्वायर फीट हो सकता है। कोलियर्स इंडिया के ऑफिस स्पेस के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा कि यह दिखाता है कि ऑफिस स्पेस लेने वाली कंपनियां स्थिरता के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं और इससे देश को भी टिकाऊपन का लक्ष्य पाने में मदद मिलेगी। 2023 से इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी और बीएफएसआई कंपनियों की ओर से लिया जाने वाला 70 से 80 प्रतिशत ऑफिस स्पेस ग्रीन सर्टिफाइड बिल्डिंग में है।

ग्रीन ऑफिस स्पेस में बेंगलुरु और मुंबई सबसे आगे है। 2024 की दूसरी तिमाही में लीज पर लिए गए कुल ऑफिस स्पेस में इन दोनों शहरों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 13 मिलियन स्क्वायर फीट ग्रीन ऑफिस स्पेस में से 60 प्रतिशत नई ऑफिस स्पेस नई बिल्डिंस में है, जो कि गत 5 वर्षों में तैयार हुई है। भारतीय बाजार में लीड, गृह और वेल तीन बिल्डिंग सर्टिफिकेट हैं। ये सर्टिफिकेट किसी बिल्डिंग की ऊर्जा खपत, डिजाइन और कचरा पैदा करने के तरीके आदि को देखकर दिए जाते हैं। गत कई तिमाही से डवलपर, इन्वेस्टर और ग्राहकों का सारा ध्यान ग्रीन ऑफिस स्पेस बढ़ाने पर है। कुल मिलाकर देश में ग्रीन ऑफिस स्पेस का ट्रेंड बढ़ रहा है।


## Mayur Uniquoters Limited

**Registered Office & Works :** Village Jaitpura, Jaipur -Sikar Road,
**Distt. Jaipur-303704 (Raj.) India, Tele :** 91-1423-224001, **Fax:** 91-1423-224420
**Web :** www.mayuruniquoters.com; **Email :** secr@mayur.biz **CIN No:** L18101RJ1992PLC006952

**General Notice prior to issue of Duplicate Share Certificates**

**Notice** is hereby given that the under mentioned Share Certificates of **Mayur Uniquoters Limited** have been lost or misplaced as informed to the Company by the Registrar and Share Transfer Agent (RTA)/Shareholder of the company:

| Name | Folio No. | Share Certificate No. | Distinctive Nos. | No. of Shares |
|---|---|---|---|---|
| Om Prakash Bagaria<br>Sulochana Bagaria | 0000684 | 231-232<br>3112 | 161681-162080<br>21815881-21816280 | 800 |

Any person who has a claim or lien or interest in the said shares and having any objection to the Issue of Duplicate Share Certificates in lieu of the above is requested to notify the same to the Company at Registered Office mentioned above within 15 days from the date of this notice, indicating the nature of the claim or lien or interest, or his objection to the said Issue of Duplicate Share Certificates, through an affidavit duly attested by a magistrate. Else the company will proceed to Issue Duplicate Share Certificates.

**For Mayur Uniquoters Limited**
**Pawan Kumawat**
**Company Secretary**

**Date :** August 13,2024
**Place :** Jaipur